कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# J-201401–C

## विषय : हिन्दी ( सामान्य )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 75

*निर्देश* : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें कुल 15 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न में तीन उपखण्ड हैं—खण्ड-(अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (5 अंक), खण्ड-(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (5 अंक) और खण्ड-(स) उचित संबंध जोड़िए (5 अंक)।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *20–30* शब्दों में लिखिए।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *50* शब्दों में लिखिए।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *75* शब्दों में लिखिए।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 18 क्रमशः पत्र-लेखन व अपठित गद्यांश प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 निबंधात्मक प्रश्न है। इस पर 8 अंक निर्धारित है। इसका उत्तर अधिकतम *250* से *300* शब्दों में लिखिए।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 11 से प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।



Scanned with CamScanner

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) 'ठिगना' शब्द प्रयुक्त हुआ है :

(*अ*) अलसी के लिए

(*ब*) चना के लिए

(*स*) सरसों के लिए

(*द*) चिड़िया के लिए

(*ii*) "सीता गीत गाती है"—में शब्द-शक्ति है :

(*अ*) अभिधा

(*ब*) लक्षणा

(*स*) व्यंजना

(*द*) ओज

(*iii*) तार सप्तक के प्रकाशक थे :

(*अ*) कबीर

(*ब*) नागार्जुन

(*स*) अज्ञेय

(*द*) घनानंद

(*iv*) 'कन्यादान' पाठ में शिक्षा मिलती है :

(*अ*) दान करने की

(*ब*) विवाह करने की

(*स*) आत्म-सम्मान की रक्षा की

(*द*) दहेज लेने की

Scanned with CamScanner

(*v*) 'काम करने वाला' के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द है :

(अ) बतियाना

(ब) करइया

(स) अमरइया

(द) कमइया

**प्रश्न-1** **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) घीसा की झोपड़ी —— नदी के किनारे थी।

(*ii*) जेबकतरा ने —— को पैसे भेजे।

(*iii*) शहीद वीर नारायण सिंह को —— में फाँसी दी गयी।

(*iv*) 'साध' पाठ की कवयित्री —— हैं।

(*v*) नर्मदा की सखी का नाम —— था।

**प्रश्न-1** **(खण्ड-स)** उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | प्रगतिवाद | – | कृषक |
| (*ii*) | शक्ति आराधना | – | केदारनाथ अग्रवाल |
| (*iii*) | कल्लोलिनी | – | जवाँरा |
| (*iv*) | अपनी-अपनी बीमारी | – | नदी |
| (*v*) | किसान | – | हरिशंकर परसाई |

Scanned with CamScanner

प्रश्न-2 बाँझ के हरे-भरे पेड़ और ठूँठ किस मानवीय भाव को प्रकट करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए। [2]

प्रश्न-3 माटीवाली का कंटर किस प्रकार का था? [2]

प्रश्न-4 सगुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ लिखिए। [2]

प्रश्न-5 निम्न श्रुति समभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए : [2]

(अ) दिन व दीन

(ब) अंश व अंस

प्रश्न-6 'मरिया भात' क्या है? [2]

प्रश्न-7 प्रयोगवाद की दो विशेषताएँ लिखकर दो कवियों के नाम लिखिए। [2+½+½=3]

प्रश्न-8 'बगुला' समाज के किस वर्ग का प्रतीक है और उनकी किन विशेषताओं को रेखांकित करता है? [1+2=3]

प्रश्न-9 कोशल में आयोजित होने वाले उत्सव के परंपरागत नियम क्या थे? [3]

प्रश्न-10 ''जिनगी भर हे रोना धोना''—आप इस कथन से सहमत या असहमत होने का तर्क प्रस्तुत कीजिए। [3]

प्रश्न-11 पंक्ति 'बाधा के रोड़ों से लड़ता' का आशय जीवन को कैसे और कब-कब प्रभावित करता है? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

Scanned with CamScanner

अथवा

'ठूँठ' किसका प्रतीक है ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

श्न-12 छत्तीसगढ़ की प्रमुख लोक नाट्य विधा 'नाचा' को संक्षेप में समझाइए तथा प्रमुख नाचा कलाकार के नाम लिखिए। [4]

अथवा

वीर नारायण सिंह में कौन-कौन से मानवीय मूल्य दिखते हैं, जो उन्हें अद्वितीय सिद्ध करते हैं ?

श्न-13 दुनिया के विकास कार्यो में मजदूरों के योगदान को अपने शब्दों में लिखिए। [4]

अथवा

'अपनी-अपनी बीमारी' पाठ में लेखक किस बीमारी से मरना चाहते हैं, और क्यों ?

श्न-14 बेरोजगारी के क्या-क्या कारण हैं ? कोई चार कारण लिखिए। [1+1+1+1=4]

अथवा

लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ? लिखिए।

श्न-15 निम्नलिखित पद्यांश का भाव स्पष्ट (व्याख्या) कीजिए : [4]

अजहूँ न निकसे प्रान कठोर
दरसन बिना बहुत दिन बीते, सुंदर प्रीतम मोर
चारि पहर चारो जुग बीते रैनि गँवाई भोर
अवधि गई अजहूँ नहिं आए, कतहुँ रहे चितचोर



Scanned with CamScanner

*अथवा*

पायो जी म्हे तो राम रतन धन पायो ॥

वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो ॥

जनम जनम की पूँजी पाई, जग में सभी खोवायो ॥

खायो न खरच चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायो ॥

**श्न-16** आपका नाम दीपक कुमार है। आप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायगढ़ में कक्षा-दसवीं के छात्र हैं। अपने प्राचार्य को, आर्थिक कारण बताते हुए, शाला शुल्क माफ करने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए। [1+1+2+1=5]

*अथवा*

रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए, जिसमें मुहल्ले की सफाई न होने के संबंध में शिकायत की गई हो।

**[-17** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250* से *300* शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) छात्र जीवन एवं अनुशासन

(*ii*) विज्ञान की देन कम्प्यूटर

(*iii*) स्वच्छता अभियान

(*iv*) जीवन में खेलों का महत्व

(*v*) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

Scanned with CamScanner

**प्रश्न-18** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई ***पाँच***) : [1+1+1+1+1=5]

समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता। इस संसार में सबसे मूल्यवान है— समय। धन को तो परिश्रम करके पुनः कमाया जा सकता है किंतु बीता समय कभी लौटकर नहीं आता। इतिहास साक्षी है जिसने भी समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थी काल में तो समय का और भी अधिक महत्व है। उसके लिए समय स्वर्ण से भी अधिक महत्वपूर्ण होता है। मनोरंजन के नाम पर समय को नष्ट करना स्वयं को धोखा देना है। धन के द्वारा समय नहीं कमाया जा सकता।

*प्रश्न :*

(*i*) विद्यार्थी का समय किससे अधिक महत्वपूर्ण है ?

(*ii*) 'सफलता' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(*iii*) इस संसार में सबसे अधिक मूल्यवान क्या है ?

(*iv*) मनोरंजन में हमारा क्या नष्ट होता है ?

(*v*) 'स्वर्ण' का समानार्थी लिखिए।

(*vi*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

———

Scanned with CamScanner